प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. सुप्रीम कोर्ट ने आज कावड़ यात्रा के रूट पर दुकानों के आगे नेम प्लेट लगाने पर रोक के अंतरिम आदेश को रखा बरकरार : कहा— किसी को नहीं कर सकते मजबूर।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा— अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस और पीएसी में दिया जाएगा वेटेज।
3. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर अपमानजनक टिप्पणो के मामले में आज सुल्तानपुर की स्पेशल एमपी—एमएलए कोर्ट में पेश हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

और

4. करगिल विजय दिवस के मौके पर आज प्रदेशभर में आयोजित हुए कार्यक्रम : मुख्यमंत्री ने लखनऊ में शहीदों को दी श्रद्धांजलि, उनके परिजनों को किया सम्मानित।

———————————

सुप्रीम कोर्ट ने आज कावड़ यात्रा के रूट पर दुकानों के आगे नेम प्लेट लगाने पर रोक के अंतरिम आदेश को बरकरार रखा है। इस मामले पर आज सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि वह 22 जुलाई के आदेश पर कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं करेंगे। कोर्ट ने कहा कि हम किसी को भी नाम बताने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। अगर

आवश्यक हो तो दुकानदार कांवड़ मार्ग पर उपलब्ध भोजन के प्रकारों के बारे में बता सकते हैं कि वे किस तरह का भोजन परोस रहे हैं, जैसे कि वह शाकाहारी है या मांसाहारी। अब इस मामले में 29 जुलाई को सुनवाई होगी।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दुकानों पर नेम प्लेट लगाने संबंधी आदेश पर रोक लगाते हुए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट में उत्तर प्रदेश सरकार ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। प्रदेश सरकार ने कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा कि यह निर्देश कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा करने और अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया था।

निदेश जारी करने के पीछे का मकसद कांवड़ियों की यात्रा के दौरान उनके भोजन को लेकर सूचित विकल्प पेश करना था, ताकि उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सरकार की ओर से जवाब नहीं आने पर सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कांवड़ तीर्थयात्रियों के हस्तक्षेप को भी खारिज कर दिया। इनमें राज्य के निर्देशों का समर्थन करते हुए तर्क दिया गया था कि यह धार्मिक रीति–रिवाजों और प्रथाओं के उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा।

——————————

प्रदेश में कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। मुरादाबाद में श्रावण मास के दूसरे सोमवार को लेकर आज से 80 घंटे के लिए रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया है। अमरोहा में आज शाम से नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया जाएगा और कांवड़ियों की भीड़ अधिक रही तो नेशनल हाईवे को रविवार की शाम से सोमवार की सुबह तक ज़ीरो ट्रैफिक मोड पर रखने का फैसला लिया जायेगा।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस और पीएसी बल में वेटेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। बाइट....

*आज अग्निवीर में जहां युवा भर्ती हो रहे है एक ट्रेंड युवा, अग्निवीर की सेवा को पूरा करने के बाद उन्हें सेना में भी अच्छा अवसर प्राप्त होने वाला है। पैरामिलिट्री में, सिविल पुलिस में और विभिन्न सेक्टर में उन्हें समायोजन करने के लिये व्यवस्था दी जा रही है। बीएसएफ में सीआरपीएफ में, सीआईएसएफ में अन्य तमाम जो हमारी पैरा मिलिट्री है, उन्होंने भी इस बात की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इस बात को कहा है कि अग्निवीर योजना जैसे आगे बढ़ती है और जब ये अपनी सेवा के बाद वापस आयेंगे और हम उत्तर प्रदेश सेवा पीएसी में इन नौजवानों को प्राथमिकता के आधार पर समायोजन की एक सुविधा देंगे, उनके लिये एक निश्चित आरक्षण की सुविधा हम अपनी एक पुलिस में उपलब्ध करायेंगे।*

—————————

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर अपमानजनक टिप्पणी के मामले में आज सुल्तानपुर की स्पेशल एमपी–एमएलए कोर्ट में पेश हुए। राहुल गांधी ने कोर्ट से कहा कि वे निर्दोष हैं और उनको राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है। रायबरेली के सांसद राहुल गांधी जज शुभम वर्मा की अदालत में करीब 16 मिनट तक रहे और अपना बयान दर्ज कराया। जज वर्मा ने वादी अधिवक्ता से गवाह पेश करने के लिए कहते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तारीख तय की। कर्नाटक के बेंगलुरु में एक चुनावो सभा में राहुल गांधी ने अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। इसको लेकर सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

गौरतलब है कि राहुल गांधी ने 20 फरवरी 2024 को अपनी न्याय यात्रा के दौरान सुल्तानपुर कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट ने उन्हें 25–25 हजार के दो बॉन्ड पर जमानत दी थी। विगत 26 जून को कोर्ट ने राहुल को व्यक्तिगत रूप से 26 जुलाई को तलब किया था।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज द्रास में करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर इस युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि करगिल विजय दिवस हमें बताता है कि देश के लिए दिया गया बलिदान अमर है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने अग्निपथ योजना के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैलाने के लिए विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह देश में होने वाले महत्वपूर्ण सुधारों में से एक है और इससे भारत का सामथ्य बढेगा। बाइट......

*अग्निपथ योजना के जरिए देश ने इस महत्वपूर्ण सपने को एड्रेस किया है। अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युवा बनाना है। दुर्भाग्य से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुडे इतने संवेदनशील विषय को कुछ लोगों ने राजनीति का विषय बना दिया है। कुछ लोग सेना के इस रिफार्म पर भी अपने व्यक्तिगत स्वार्थ में झूठ की राजनीति कर रहे हैं। ये वही लोग है जिन्होंने सेनाओं में हजारो करोड के घोटाले करके हमारी सेनाओं को कमजोर किया।*

करगिल दिवस के अवसर पर प्रदेश मे शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये विविध कार्यक्रम आयोजित किए गये। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ

में रजत जयंती समारोह में सम्मिलित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि करगिल का युद्ध पाकिस्तान ने गलत तरीके से भारत पर थोपा था, जिसका हमारे बहादुर जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया था। मातृभूमि की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों का अदम्य साहस और अतुलनीय बलिदान देश सेवा के लिए सदा प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर के 6 नोड पर तेजी के साथ काम हो रहा है। यहां पर देश–विदेश की रक्षा क्षेत्र से जुड़ी हुई कंपनियां मैन्युफैक्चरिंग इकाइयां स्थापित कर रही हैं, जो रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का एक नया उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों के लिए वर्ष 2017 में प्रदेश सरकार के नियमों में संशोधन करते हुए यह सुनिश्चित किया कि सीमा की रक्षा करते हुए शहीद होने वाले जवानों के परिजनों को 50 लाख की सहायता राशि और उनके परिजन को सरकार में नौकरी मिले। बाइट....

*कोई भी हमारा जवान किसी भी युद्ध के दौरान या सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद होता है। अब राज्य शासन की ओर से भी उस परिवार को 50 लाख रूपये की सहायता राज्य शासन देगा और उस परिवार के एक*

*सदस्य को उत्तर प्रदेश शासन की सेवा में सेवा का अवसर भी राज्य सरकार प्रदान करेगी।*

————————

करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो ने प्रदेश के कई ज़िलों में कार्यक्रम आयोजित किये। इसी क्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो लखनऊ की ओर से त्रिवेणी नगर के फ्लोरेंस नाइटेंगल इंटर कॉलेज में दो दिवसीय कारगिल चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन आईटीबीपी के उपमहानिरीक्षक के. संजय कुमार ने किया।

————————

पेरिस ओलंपिक–2024 खेलों की शुरूआत आज से होगी। ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह का आयोजन पेरिस में सीन नदी के किनारे भारतीय समय के अनुसार रात 11 बजे से होगा। भारत की ओर से शरथ कमल और पी. वी. सिंधु परेड में ध्वजवाहक के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। पी. वी. सिंधु बैडमिंटन में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं। भारतीय खिलाड़ी पारंपरिक पोशाक पहनकर परेड में भाग लेंगे।

(समाप्त)